Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 02-06-2023 | अंक 582

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक घायल, रेफर



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : महुआडांड थाना क्षेत्र अंतर्गत हामी मोड़ पर शुक्रवार एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार सुग्गी ग्राम निवासी युवक अरूण खेश ( 25 ) गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसे ग्रामीणों की मदद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया। जहां डाक्टर रवि कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज के हेतु लातेहार सदर अस्पताल रेफ़र कर दिया गया।


### रेलवे ओवरब्रिज के डिवाइडर पर चढ़ी बस, बाल-बाल बचे यात्री



**अपेम लाइव : लातेहार**

बालूमाथ/लातेहार : चतरा से रांची जा रही मोना बस बालूमाथ के समीप रेलवे ओवर ब्रिज के गार्डवाल पर चढ़ गई जिससे यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। चालाक ने बताया कि बस के आगे के साइड का पति टूटने के कारण स्टेरिंग लॉक हो गया और बस अनियंत्रित होकर ब्रिज के गार्डवाल पर चढ़ गया।इस दुर्घटना में कंडक्टर इनायतुल्लाह समेत एक महिला यात्री प्रतिमा देवी घायल हो गई। घायलों का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार के देखरेख में किया गया।वहीं गंभीर रूप से घायल कंडक्टर को बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस की सहायता से रिम्स रेफर कर दिया गया है।ज्ञात हो कि उस सवारी बस में लगभग 50 यात्री बैठे हुए थे और जिस गार्डवाल पर बस चढ़ा था उसके विपरीत 50 फीट नीचे रेलवे ट्रैक है।इस दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया।

### लापता : 65 वर्षीय मो हबीब कल से लापता



**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनरा मोहल्ला निवासी मो हबीब उम्र 65 वर्ष पिता गुलाम रसूल बीते दिन गुरुवार सुबह से लापता है। परिजनों के काफी खोज - बीन के बावजूद अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसको लेकर उनके परिजनों ने अपील किया है की अगर किसी व्यक्ति को इनकी जानकारी हो तो 9122680904 पर संपर्क करें।

APEM LIVE

# बेंदगी पंचायत सचिवालय तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नही, आवागमन में हो रही है परेशानी

## सड़क निर्माण के लिए कई बार विभागीय पत्राचार किया गया है, फिर भी नही हुई कोई कार्रवाई : मुखिया

**अपेम लाइव : बरही**



जर्जर पथ को दिखाते मुखिया सिकंदर राणा



सड़क की स्थिति

बरही प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत में सरकारी प्रक्रिया के तहत पंचायत सचिवालय का भवन तो बना दिया गया है। परंतु पंचायत सचिवालय तक जाने के लिए सड़क बनाना भूल गई है। सड़क नही होने के कारण पंचायत प्रतिनिधियों वा ग्रामीणों को पंचायत सचिवालय जाने में काफी परेशानी होती है। आवागमन के लिए अब तक पक्की नही बनाए जाने के कारण लोग कच्चे व उबड़ खाबड़ मार्ग से ही पंचायत सचिवालय पहुंचते है। बरसात में काफी परेशानी होती है। वहीं पंचायत के स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा ने बताया की पंचायत सचिवालय तक पक्की पहुंच पथ नही होने के कारण बरसात के दिनो को छोड़ अन्य दिनों में ही पंचायत सचिवालय खुल पाती है। क्योंकि सड़क नही होने के कारण लोगों को सचिवालय पहुंचना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा की पंचायत सचिवालय को जोड़ने वाली कच्ची सड़क में जगह - जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। जो बरसात के मौसम में छोटे छोटे तालाब में तब्दील हो जाता है। कहा की अगर कोई जरूरी काम से पंचायत सचिवालय जाना हो तो उन्हें रसोइया धमना पंचायत से होकर जाना पड़ता है जिसकी दूरी कम से कम 10 किमी है। साथ ही कहा की सड़क के लिए उन्होंने सरकार व प्रशासन से कई बार आग्रह किया लेकिन अब तक इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नही होने के कारण वह काफी निराश है। उन्होंने कहा की वर्तमान पंचायत चुनाव सम्पन्न होने व पंचायत का कमान मिलने के साथ कई बार आरईओ विभाग को बेंदगी पंचायत सचिवालय तक पक्की पथ निर्माण कराने के लिए आवेदन भी दिया जा चुका है। किंतु विभाग की ओर से अभी तक कोई पहल नही की जा सकी है। जिससे पोड़ैया, बेंदगी, हसनदाग एवं उज्जैना सहित कई अन्य टोला के ग्रामीणों को किसी भी कार्य को लेकर पंचायत सचिवालय तक पहुंचने में बहुत परेशानी होती है।

# भूमिहीन सुदामा मोसोमात को एक साल बाद मिला जमीन, जब बनाने गई अंबेडकर आवास तो लगा दिया गया रोक

**अपेम लाइवः बरही**



बरही (हजारीबाग) : प्रखंड अंतर्गत मलकोको गांव में गरीब भूमिहीन व विधवा महिला को अंबेडकर आवास बनाने में बाधा पहुंचाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत भुक्तभोगी सुदामा देवी पति स्वर्गीय जागेश्वर रविदास ने बरही सीओ को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने आवेदन में बताया कि जमीन अभाव के कारण अंबेडकर आवास नहीं बना पा रही थी, जिसके चलते अभी सरकारी स्कूल में रहने को मजबूर है। आपके द्वारा आवास बनाने के लिए दिए गए 2 डिसमिल जमीन जिसका खाता संख्या 51, प्ल०ट संख्या 250 है, इस पर जब आवास बनाने के लिए बुनियाद करने गई तो मेरे ही गांव के अलीबकस अंसारी पिता स्व. गुलो मियां और इनके दोनों बेटा आए और मेरे गैता, कोड़ी को छिनकर फेंक दिया। वही बोलने लगा कि इस जमीन पर काम करने के लिए कौन बोला है, काम बंद करो। मैं कमजोर गरीब असहाय महिला हूं, इन लोगों से लड़ नहीं सकती हूं, इसलिए काम बंद कर दिया और अब बरसात का मौसम भी आने वाला है। एक तो 2 साल में जमीन उपलब्ध करवाया गया उसमें भी बाधा किया जाता है। वहीं उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द निराकरण का निवेदन किया। वहीं उन्होंने कहा कि यदि जल्द निराकरण नहीं हुआ तो अंचल कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना के लिए बाध्य होंगी।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बड़कागांव पुलिस के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी चलाया गया

### ईस्को में 250 किलो जावा नष्ट किया गया





**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव। हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे के निर्देशानुसार पूरे जिले में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चला जा रहा है । गुरुवार को बड़कागांव प्रखंड में बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में नापोखुर्द पंचायत के इस्को में अवैध शराब बनाने के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान में 250 किलो महुआ जावा नष्ट किया गया तथा 25 से 30 चूल्हा,20 ड्रम तथा बर्तन को ध्वस्त करके नष्ट किया गया। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि अवैध शराब बनाने तथा बेचने वालों को चिन्हित करके कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी विनोद तिर्की तथा पुलिस जवान के सशस्त्र बल शामिल थें।

## गर्मी में जल संकट को देखते हुए बड़कागांव मध्य पंचायत में चापाकल रिपेयरिंग कार्य जोरों पर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव मध्य पंचायत में गर्मी से बढ़ते जल संकट को देखते हुए मुखिया तकरीमुल्लाह खान के नेतृत्व में चापाकल रिपेयरिंग कार्य जोरों पर है। ताकि इस भरी गर्मी में लोगों को जल संकट का सामना ना करना पड़े। पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा मिले समस्यायों के आधार पर चपानाल का रिपेयरिंग किया जा रहा है। मुखिया तकरीमुल्लाह खान ने कहा कि गर्मी में सर्वप्रथम लोगों की मुख्य समस्या जल संकट होता है इसलिए इसका निदान करना मैं अपनी पहली प्राथमिकता में रखा। इस कार्य में पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर और वार्ड सदस्य संजय रॉय अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने 1 साल का विकास और अनुभव को बताई

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने पंचायत चुनाव के 1 साल पूरा होने पर अपने विकास कार्यों और अनुभव को मीडिया के सामने प्रस्तुत की है। जिसमें उन्होंने पंचायती राज्य में जो स्थान जिला परिषद को दिया गया है। उसके अपेक्षा मैं कार्य नहीं कर पा रही हूं,क्योंकि सरकारी प्रक्रिया इतना जटिल और उलझा हुआ है। जिसको पार करना बहुत मुश्किल है।एक टेबल से दूसरे टेबल तक चक्कर लगाने के बावजूद भी कोई कार्य का स्पष्टीकरण नहीं मिल पाता है। एक साल बीत जाने के बावजूद भी जिला परिषद सदस्यो को कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया।जिससे किसी भी क्षेत्र में कार्य करने में मुझे अटपटा सा लगता है। फिर भी जिला परिषद के द्वारा किए गए कार्यो में बड़कागांव पूर्वी पंचायत में गेस्ट हाउस से लेकर राजू मेहता के खेत तक पीसीसी का निर्माण। बड़कागांव पूर्वी पंचायत अंतर्गत रेंज ऑ. फिस से ज्ञानोदय स्कूल तक पीसीसी एवं नाला निर्माण का कार्य प्रगति पर। बड़कागांव बनिया टोली तालाब का सुंदरीकरण का अनुशंसा।बड़कागांव पश्चिमी पंचायत अंतर्गत चंदन पुर में जल मीनार निर्माण के अलावे बड़कागांव में मध्य पंचायत अंतर्गत नाला निर्माण। अगर इसी तरह से उच्च जनप्रतिनिधियों और पदा. धिकारियों का सहयोग मिलता रहा तो बड़कागांव चट्टी स्थित तालाब को छठ तलाब के रूप में निर्माण करना।थाना के बगल में खाली पड़ा जमीन को नगर निगम के तौर पर मार्केट का निर्माण करना। बंद पड़े लाइब्रेरी को चालू करना लोगो को रोजगार से जोड़ने शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने के प्रयास में लगी हूं। सिर्फ इसी तरह से जनता का आशीर्वाद और सहयोग मुझे मिलता रहे।

## शादी समारोह से बाइक से लौट रहा युवक की दुर्घटना में मौत

**अपेम लाइव : चौपारण**



प्रखण्ड के चौपारण चतरा रोड के दादपुर पंचायत के ग्राम हथिया मोड़ के समीप बिनोद दांगी के घर के पास बाइक चालक युवक को कोयला लदा ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक संख्या जेएच 02 बी एच 4132 को चलाकर शादी समारोह से लौट रहा संदीप कुमार राणा पिता स्व. राजेन्द्र कुमार राणा ग्राम देवचंदा थाना बरही का मौत घटना स्थल पर ही हो गया। मालूम हो कि संदीप अपने नानी घर बिशनपुर में शादी समारोह में आया था। गुरुवार को झापा-बिशनपुर से बारात मयूरहंड प्रखंड के ग्राम सदाफर गया था। विवाह संपन्न होने के बाद संदीप अपना नानी घर बिशनपुर लौटा और वहां से अपना बाइक लेकर चौपारण के लिए निकलकर मात्र 4 किमी ही दूरी तय कर पाया था कि ट्रक के चपेट में आकर गुर्घटनाग्रस्त हो गया। संदीप के पिता राजेन्द्र राणा कई वर्षो से शहीद अख्तर उर्फ फोनी बाबू के पंप में मैनेजर के पद पर काम करता थे। जिनकी मृत्यु के उपरांत पिता के स्थान पर बेटा संदीप को मैनेजर के रूप में रखा गया था। जो पपरो रोड में किराए के मकान में रहकर पंप का हिसाब-किताब जिम्मेवारी पूर्वक करता था। यही कारण है कि शादी समारोह में रात भर जगने के बाद भी ड्यूटी पकड़ने के लिए चौपारण लौट रहा था और चूक हो जाने से दुर्घटना हो गई और मौके पर ही जान चली गई। दुर्घटना की खबर चौपारण थाना को दिया गया। जिसे त्वरित करवाई करते हुए शव का पंचनामा बना कर कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। मौत की खबर सुनते ही विधवा मां, पत्नी, दो बच्चे सहित बिशनपुर, देवचंदा एवं विश्वकर्मा समाज मे मातम छा गया।

APEM LIVE

## बीएसएफ जवान की रिटार्टमेंट पर गर्मजोशी से गांव में स्वागत किया गया

### कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक व पूर्व विधायक





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा-प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत बरवां गांव के भारतीय अर्द्धसैनिक सुरक्षा बल में तैनात बीएसएफ जवान भागीरथ प्रसाद की रिटायर्टमेंट के बाद सकुशल घर वापसी पर दो अलग अलग स्वागत समारोह का आयोजन किया गया पहले कार्यक्रम में विधायक अमित कुमार यादव ने रिटायर्ड जवान को शुभकामनाएं दी व पुष्पगुच्छ व शाल से सम्मानित किया वही दूसरे स्वागत समारोह में पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद की अगुवाई में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के द्वारा भागीरथ प्रसाद को शॉल वा फुल माला पहनाकर स्वागत किया ,समारोह को संबोधित करते हुए विधायक एवं पूर्व विधायक ने कहा कि गरीब और किसान परिवार में पैदा हुए एकलौता पुत्र भागीरथ प्रसाद जी के महान माता पिता को नमन करता कि अपने कष्ट झेलते हुए अपने एकलौते पुत्र को देश सेवा के लिए समर्पित किया ,और अपनी ड्यूटी को ईमानदारी पूर्वक अपनी कार्यकाल को पुरी कर अब गांव समाज की सेवा में लौट गए हैं ,सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान भागीरथ प्रसाद की जिम्मेवारी और ज्यादा बढ़ गयी है प्रखण्ड प्रमुख रेणु देवी ने अपनी शुभकामनाएं रिटायर्ड जवान भगीरथ प्रसाद को दी और कहा कि आपकी निगहबानी में समाज को एक स्वच्छ व साफ दिशा मिलेगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान भागीरथ प्रसाद ने अपनी 23 साल 4 महीने 11 दिन किस संघर्ष और कठिन भरी जीवन वृतांत की कहानी को अपनी जुबानी लोगों के समक्ष बयां किए आगे उन्होंने बताया कि मैं 20 जनवरी 2000 ई. को भारतीय अर्धसैनिक बल में बीएसएफ जवान के रूप में योगदान दिया था। बंगाल बॉर्डर से हुए कश्मीर पंजाब, मणिपुर, छत्तीसगढ़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में दुश्मनों से लोहा लेते हुए अमन के पहरेदार बनकर भारत माता की सुरक्षा किया। तत्पश्चात अंततः हजारीबाग मेरु कैंप सकुशल पहुंचा और वहां सेवा के पश्चात दिनांक 31 मई 2023 को सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त के बाद जवान भागीरथ प्रसाद ने बताया कि अब मैं आगे के जीवन अपने जन्मभूमि पैतृक गांव , समाज के बीच रहकर गांव और क्षेत्र की सेवा व सुरक्षा करना चाहता हूं जो मेरा परम कर्तव्य है। कार्यक्रम की अगुवाई पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद ने किया व संचालन शिक्षक यमुना साव के द्वारा किया गया मौके पर सलैया मुखिया इन्द्रदेव प्रसाद,कपका पंचायत मुखिया कमलेश कुमार पंचायत समिति प्रतिनिधि दिनेश्वर प्रसाद , रीतलाल प्रसाद राजकुमार प्रसाद राजेश ठाकुर, अरुण प्रसाद, छोटू महतो ,वीरेंद्र प्रसाद, संतोष रविदास ,छोटी रविदास, तथा झारखंड यूथ फेडरेशन अध्यक्ष सौरव कुमार,मुन्ना रविदास ,जगदीश राना, छोटीलाल प्रसाद,बासुदेव महतो,गोपी प्रसाद,प्रकाश प्रसाद सहीत ग्रमीण महिला पुरुष वा युवा गण समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने को लेकर विष्णुगढ़ थाना में केस दर्ज

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




विष्णुगढ़ थाना में धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। प्रखंड के चेडरा निवासी विकास कुमार सिंह पिता दिनेश्वर सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर गाल्होबार के अंबेडकर टोला निवासी गजेन्द्र रवि पिता गुडी रविदास उर्फ मंगर रविदास को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि आरोपी द्वारा फेसबुक सोशल मीडिया एप के माध्यम से हिन्दू आस्था एवं धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने की नियत से हिन्दू देवी की तस्वीर लगाकर अश्लील टिप्पणी की गई है। जिससे प्रखंड क्षेत्र में सांप्रदायिक माहौल खराब होने की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहीं, हिन्दू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## वित्तीय साक्षरता और डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान में लोगों को किया गया जागरूक

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जेएसएलपीएस द्वारा पंचायत स्तरीय आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत वित्तीय साक्षरता व डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का उद्घाटन हामी पंचायत के मुखिया प्रदीप बड़ाईक, उपमुखिया उर्मिला खलखो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम महुआडांड़ के हामी- पंचायत में आयोजित था।इस अवसर पर मुखिया ने बताया कि डिजिटल अमृत अभियान में वित्तीय समावेशन में मिलने वाली सहजता के साथ बरती जाने वाली सावधानी पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है। जहां हमें घर बैठे बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा, वहीं दूसरी ओर एक गलत कदम बैंक खाता को खाली भी कर सकता है। जेएसएलपीएस के द्वारा डिजिटल लेनदेन वर्तमान में क्यों जरूरी है, उसकी जानकारी उपस्थित महिलाओं को दी गई। बताया गया कि डिजिटल लेनदेन सभी को पारदर्शिता के साथ सहजता प्रदान करता है। कार्यक्रम में पूनम देवी,वार्ड-सुनीता नगेसिया, ग्राम प्रधान- फ्रांसिक केरकेट्टा, सुनीता, सुमंती, मोनिका, लीलावती,अनूपा सखी मंडल की दीदी उपस्थित थीं।

## भाजयुमो ने की बैठक, मोदी सरकार के कार्यों को लोगों तक पहुंचाने पर जोर

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिले के मनिका प्रखंड स्थित आदर्श शिशु विद्या मंदिर, में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने की ।मौके पर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी मौजूद रहे।इस अवसर पर किसलय तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे हो गए हैं। इन 9 सालों में पीएम मोदी के द्वारा कई जन कल्याणकारी योजना चलाई गई है। इसका लाभ देशवासियों को मिल रहा है। इन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचना है। मंच संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अश्विनी सिंह ने किया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पाण्डेय, आशुतोष सिंह चेरो, जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, सुमंत कुमार, रोहित शाहदेव, सर्वेश कुमार, मीडिया प्रभारी आलोक कुमार, पवन राजा, प्रशांत सिंह, सूरज कुमार निराला, रोशन शुक्ला, अंकित कुमार, गोलू, संदीप केसरी, विनय वर्मा, अनूप कश्यप, रोहित कुमार, प्रभु उरांव, पारस जायसवाल, हेमंत कुमार व लव यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।




## हजारीबाग को टूरिज्म कैपिटल बनाने का हो प्रयास, मौजूद है संभावनाएं

### समय आ गया है झारखंडियों के उठ खड़े होने का : संजय मेहता

### माटी का हाल देखकर पीड़ा होती है : भुवनेश्वर यादव

**अपेम लाइव : बरही**



जनसंवाद यात्रा के तहत चंदवारा के मदन गुंडी में सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि हमारे पास रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं लेकिन सही नीति नहीं होने के कारण अवसर को बाहरी तत्व छीन ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के मसले पर भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। यदि बरही हजारीबाग के इलाके को टूरिज्म कैपिटल के तौर पर विकसित किया जाता तो यहां पर पर्यटन से काफी आमदनी होती। सरकार को भी राजस्व मिलता। उन्होंने कहा कि पूरा हजारीबाग का इलाका प्रकृति की गोद में बसा है आसपास कई बड़े डैम भी हैं। साथ में पहाड़ों की सुंदरता भी है। इसके बावजूद नेशनल हाईवे पर स्थित हजारीबाग लोकसभा एवं बरही विधानसभा पर्यटन के क्षेत्र में अब तक कोई खास विकास नहीं कर पाया है। इस कारण से पर्यटक यहाँ नहीं आते हैं। यदि आज बरही और हजारीबाग को टूरिज्म कैपिटल के तौर पर विक. सित किया जाता तो इस इलाके से पलायन की समस्या को काफी हद तक रोका जा सकता था। हमारी पीढ़ियां पाँच - दस हज़ार की नौकरी के लिए यहां से पलायन कर रही हैं। आखिर कब तक गरीब लाचार लोग ऐसे परेशान होते रहेंगे। झारखंड झारखंडियों के लिए बना था लेकिन झारखंड को चारागाह बनाकर यहां के लोगों का हक और अधिकार छीना जा रहा है। ऐसे में अब सबको खड़ा होना होगा और अपने हक के लिए आवाज बुलंद करना होगा। ताकि झारखंड में झारखंडी अधिकारों को बचाया जा सके। भुवनेश्वर यादव ने कहा कि माटी का जो हाल है उसे देखकर बहुत पीड़ा होती है। जिन लोगों पर भरोसा किया उन लोगों ने ही हमारी माटी के साथ छल किया। एक बात यह देखता हूं भावनात्मक लगाव नहीं होने के कारण लोग मिट्टी के प्रति चिंतित नहीं हैं। आखिर क्या कारण है विकास के पायदान पर इलाका पूरी तरीके से पीछा छूट गया। दुनिया में तेजी से विकास हो रहा है राज्य के कई कोनों में विकास हुआ। बरही में उल्लेखनीय कार्य अब तक नहीं हो पाया जिससे जनता का कल्याण हो सके। 90 के दशक के बाद से इलाके में विकास के काम नहीं हो पाए ना ही कोई बड़ी परियोजना पहुंच पायी। ऐसे में अब हम सबको मिलकर आवाज उठाना होगा और अपना नेतृत्व माटी से तय करना होगा। मदनगुंडी के नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में मुखिया रामदेव यादव, मनोज यादव, विरेन्द्र पासवान, सोनु यादव, राजन प्रजापति, राजकुमार यादव, संजय यादव, महावीर यादव, संतोष गोप, अशोक पासवान, रामदेव यादव समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## गाल्होबार में श्रम विभाग द्वारा पैंट-शर्ट एवं साड़ी का वितरण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को प्रखंड के गाल्होबार पंचायत भवन परिसर में झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निबंधित श्रमिकों के बीच पैंट-शर्ट तथा साड़ी का वितरण किया गया। पंचायत मुखिया मंजू देवी ने मजदूरों को कपड़े का वितरण किया। मौके पर श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो ने श्रम विभाग के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओ यथा श्रमिक औजार सहायता योजना, सेफ्टी किट योजना, साइकिल सहायता योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, मृत्यु दुर्घटना योजना चिकित्सा सहायता योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि निबंधित मजदूर प्रतिवर्ष एक सौ रूपए वार्षिक अंशदान करें ताकि निबंधित श्रमिकों का बीमा सुरक्षित रहे। मौके पर मुखिया मंजू देवी, मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा, श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो, ऋषि कुमार, हीरामन महतो, ईश्वर महतो, सोहा देवी, विलासो देवी, बिंदु देवी समेत अन्य निबंधित श्रमिक एवं ग्रामीण मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मुआवजा की आस में बरकट्ठा वासी

### सन्दर्भ बरकट्ठा सिक्सलेनिग व फ्लाईओवर निर्माण

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



बरकट्ठा एनएच 2 बरकट्ठा व परबत्ता में प्रस्तावित व निर्माणधीन सिक्सलेन व फ्लाईओवर से प्रभावित रैयतों को अबतक मुआवजा राशि नही मिल पाया है ज्ञात हो वर्ष 2013 से लगातार सरकार द्वारा सिक्सलेनिग को लेकर मुआवजा वितरण के लिए जनसुनवाई फिर 3डी हुआ अखबारों में बड़े बड़े विज्ञापन आये लेकिन आज दस वर्षो बाद भी प्रभावित परिवारों व भूस्वामियों को मुआवजा नही मिल पाया इस मुआवजा की आस में टकटकी लगाए बरकट्ठा के ग्रामीणों व रैयतों की आँखे भी पथरा गयी लेकिन इनके दुख दर्द सुनने वाला कोई सामने नही आया वर्ष 2021 में प्रशासन के दबाब में बिना मुआवजा के ग्रामीणों के घरों को बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया गया लेकिन मुआवजा के नाम पर अबतक बरकट्ठा वासियों को फूटी कौड़ी भी उपलब्ध नही हो सकी मजबूर होकर रैयतों ने सरकारी जुल्मों को सहकर किसी तरह पुनः जीवनयापन में जुट गए निर्माण एजेंसी द्वारा लगभग 143 रैयतों का बोनाफाइट बनवा कर फाइलों को गुम कर दिया गया ग्रामीणों द्वारा पूछे जाने पर एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है हमलोगों ने फाइल एसी ऑफिस हजारीबाग को भेज दिया गया है जबकि मुआवजा के लिए एसी ऑफिस की भूमिका सिर्फ आपत्तियों पर सुनवाई की होती है कुल मिलाकर कहा जाए तो मुआवजा के नाम पर बरकट्ठा के लोगो के साथ छल किया गया है अब जबकि 42 पीलर को निर्माण एजेंसी ने खड़ा कर दिया है इस पर न तो लांचर सेट हो रहा है न ही फ्लाईओवर का निर्माण हो पा रहा है ये सब पीलर दैत्य की भांति बीच सड़क पर खड़े है ।दूसरी ओर गुणवत्ता की बात करना तो बेईमानी होगी सभी नियम कानून गुणवत्ता को ताक पर रखकर जैसेतैसे सड़क को बनाया जा रहा है दर्जनों स्थानों पर बना हुआ सर्विस रोड में दरार आ चुकी है जो कि साफ दिखाई पड़ता है कि निर्माण कार्यो की क्या क्वालिटी रही होगी अभी तक बरही से लेकर गोरहर तक सड़क निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है वहीं अटका से लेकर डुमरी तक सिक्सलेनिग का काम दो साल पहले पूर्ण हो चुका है अब भारत सरकार के एनएचएआई जैसे एजेंसी ने दोहरी नीति क्या साबित करती है सोचनीय विषय है ।नही मिला हनुमान जी को मंदिर निर्माण की राशि बरकट्ठा स्थित हनुमान मंदिर जो कि सिक्सलेनिग में प्रभावित हो रही है उसकी निर्माण राशि अबतक समिति को नही मिल पाई है क्योंकि एनएचएआई द्वारा दोषपूर्ण तरीके से निर्माण राशि का आंकलन किया गया है इस विषय पर दर्जनों बार पुनर्मूल्यांकन के लिए एनएचएआई को आवेदन दिया गया है लेकिन अबतक कोई कारवाई नही हुई है ।

## विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत मांडू विधायक जेपी पटेल ने विष्णुगढ़ में केंद्र संचालित कई विकास परियोजनाओं का किया निरीक्षण, कहा

### देश के सर्वांगीण विकास में केंद्र सरकार सतत प्रयत्नशील

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




भाजपा के विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल शुक्रवार को विष्णुगढ़ पहुंचे तथा प्रखंड में केंद्र सरकार के सहयोग से निर्माणाधीन कई परियोजनाओं का निरीक्षण किया। बड़ी संख्या में पार्टी समर्थकों एवं ग्रामीणों के साथ उन्होंने राजागढ़ में निर्माणाधीन आईटीआई क०लेज तथा एमएसएमई मंत्रालय द्वारा निर्माणाधीन विष्णुगढ़ ब्रास एंड बॉन्ज कलस्टर भवन के कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। विकास के लिए गांव से लेकर महानगरों तक छोटी से बड़ी सभी परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। बीते नौ सालों के दौरान भारत ने कई उपलब्धियां हासिल की है और विकास के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। विष्णुगढ़ प्रखंड में भी केंद्रीय सरकार द्वारा आईटीआई कॉलेज, विष्णुगढ़ ब्रास एंड ब्रॉन्ज कलस्टर भवन का निर्माण समेत कई काम प्रगति पर हैं। बनासो से बुडगड्डा तक सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण भी प्रस्तावित है। इन संस्थानों के शुरू होने से प्रखंड के युवाओं, बेरोजगारों का पलायन रुकेगा। स्थानीय स्तर पर कला-कौशल एवं स्वरोजगार का हब तैयार होगा। जिसका सभी वर्ग को लाभ होगा। मौके पर केबी मंडल, महादेव महतो, गुरु प्रसाद साव, हिरामन महतो, सुदामा सिंह, राजेश सोनी, जीवन सोनी, नीतीश बरनवाल, कुन्दन शर्मा, कन्हाई यादव, मनोज यादव, नरेश यादव, संतोष शर्मा, नन्हकू महतो, अशोक रवानी, चरकू साव, महेंद्र महतो, पिंकू कसेरा, सुरेश कुमार दास, टेकलाल राम समेत कई लोग मौजूद थे।

## बरसोपानी में पांच दिवसीय शिव शक्ति हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ 9 जून से

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव : प्रखंड के आंगों पंचायत अंतर्गत बहुचर्चित पर्यटन स्थल बरसो पानी के बगल में स्थापित नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय शिव शक्ति हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 9 जून से कलश यात्रा के साथ शुरू किया जाएगा।यज्ञ समिति के नेतृत्वकर्ता राजू मुंडा, यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सचिव स्मृति देवी ,उपाध्यक्ष बसंती देवी ,कोषाध्यक्ष मीना देवी के अलावा यज्ञ समिति के लोगों के प्रयास से तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। महायज्ञ का शुभारंभ 9 जून को सुबह 6:00 बजे से कलश यात्रा के साथ निकाली जाएगी। कलश यात्रा में प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि , प्रबुद्ध लोग ,समाजसेवी शिवभक्त श्रद्धालु शामिल रहेंगे।

## बीएटीसी बड़कागांव आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के द्वारा बच्चों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव बालिका उच्च विद्यालय में बीएटीसी बड़कागांव आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के द्वारा 35 बच्चों के बीच समर कैंप का प्रशिक्षण सर्टिफिकेट वितरण किया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव मुख्य संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार उपस्थित हुए। बता दें कि समर वेकेशन के दौरान बालिका उच्च विद्यालय में बच्चों की शारी. रिक स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया था। इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को फिजिकल एक्टिविटीज, योगा, मेडिटेशन, जुंबा डांस, कबड्डी, फुटबॉल, माइनर गेम, राइफल शूटिंग, तीरंदाजी के अलावा कई गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों को प्रशिक्षण दुर्गेश कुमार एवं अमित कुमार के द्वारा दिया गया। मुखिया रंजीत कुमार ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है इसलिए समय-समय पर इस प्रकार का कैंप का आयोजन करना आवश्यक है। खेलकूद में अच्छे प्रदर्शन करने वाले बच्चे अपने केरियर भी चुन सकते हैं। मौके पर मुख्य रूप से सांड पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कुमार प्रसाद, बालेश्वर महतो, बालिका उच्च विद्यालय के प्राचार्य राम लखन महतो, बालिका उच्च विद्यालय के अध्यक्ष उमेश साव, कौटिल्य महिला महाविद्यालय के प्राचार्य रामचरित्र दांगी, सिकंदर सोनी, तुलसी महतो, सिकंदर राम, पूर्व मुखिया भीखन महतो, इंग्लेश सोनी के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

